# साहित्य अकादमी ने युवा पुरूस्कार से गौरव पाण्डेय को किया सम्मानित

**राजकीय महाविद्यालय बेड़ीपुलिया में सहायक प्रवक्ता के पद पर कार्यरत है**

चित्रकूट,(प्रचण्ड शक्ति न्यूज)। साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार 2024 हिन्दी में स्मृतियों के बीच घिरी है पृथ्वी (कविता-संग्रह) के लिए गौरव पाण्डेय को स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन युवा दिवस पर उत्कल विश्वविद्यालय भुवनेश्वर में आयोजित अर्पण समारोह में प्रदान किया। हर साल साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार 24 भारतीय भाषाओं में उत्कृष्ट कार्यों के लिए 35 वर्ष से कम आयु के लेखकों को प्रदान किया जाता है। इस वर्ष हिंदी भाषा के लिए यह पुरस्कार गौरव पांडेय को प्रदान किया। विजेताओं को 50,000 रुपये का नकद पुरस्कार और एक उत्कीर्ण तांबे की पट्टिका साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष माधव कौशिक द्वारा प्रदान किया गया। पुरस्कारों की घोषणा 15 जून 2024 को हुई थी। गौरव पांडेय ने कहा कि हमें सपने देखने चाहिए क्यूंकि सपने साकार होते हैं। हमें अपने आत्मबल को मजबूत बनाना चाहिए। अभ्यास और स्वाध्याय करना चाहिए। गौरव पांडेय का जन्म जिला कौशांबी उत्तर प्रदेश में हुआ है और वर्तमान समय में यह गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चित्रकूट में सहायक प्रोफेसर हिंदी के रूप में कार्यरत हैं। इनके दो कविता संग्रह और पत्र पत्रिकाओं में तमाम आलेख प्रकाशित हैं।